एक नजर में

## आरटीआई सप्ताह का शुभारम्भ



इंदौर. शहर के युवा उद्यमियों और पेशेवरों द्वारा संचालित संस्था राउंड टेबल इंडिया ने आज से अपने वार्षिक आरटीआई सप्ताह का शुभारम्भ किया. यह संस्था युवाओं का एक गैर-राजनीतिक और गैर-धार्मिक मंच है, जहाँ 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के सदस्य समाजसेवा, नेतृत्व और मैत्री की भावना के साथ कार्य करते हैं. संगठन का मूल उद्देश्य शिक्षा के माध्यम से सामाजिक सशक्तिकरण है. इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए फ्रीडम थ्रू एजुकेशन पहल के अंतर्गत देशभर में विद्यालयों में कक्षाओं का निर्माण कर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को बेहतर शिक्षण-पर्यावरण उपलब्ध कराया जा रहा है. इंदौर में आरटीआई सप्ताह के अंतर्गत इंदौर यूनाइटेड राउंड टेबल 268 द्वारा वंचित समुदायों हेतु भोजन वितरण, एम.वाई. अस्पताल में मरीजों एवं परिजनों के लिए भोजन सेवा, रक्तदान शिविर, बच्चों में पर्यावरण जागरूकता हेतु पौधारोपण एवं कला गतिविधियाँ, सरकारी विद्यालय में अतिरिक्त कक्षाओं के निर्माण हेतु भूमि-पूजन तथा विशेष बच्चों के साथ बाल-दिवस उत्सव जैसे उपक्रम आयोजित किये जा रहे हैं. इन पहलों का उद्देश्य समाज में उत्तरदायित्व, संवेदनशीलता एवं सेवा-भावना को प्रोत्साहित करते हुए युवा नेतृत्व को सशक्त बनाना है. संस्था का मानना है कि इंदौर केवल स्वच्छता और विकास में ही नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक सेवा में भी अग्रणी है, और शहर के युवाओं की भागीदारी इस दिशा में नई ऊर्जा और सकारात्मक परिवर्तन ला रही है.

## गौतम सोलर ने एचईपीएल से किया समझौता

इंदौर. गौतम सोलर प्राइवेट लिमिटेड और एचईपीएल रिन्यूएबल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड ने आरईआई 2025 'एक्सपो' के दौरान 150 करोड़ मूल्य का 100 मेगावाट सौर मॉड्यूल आपूर्ति समझौता किया. यह समझौता भारत के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में न केवल व्यावसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ठोस कदम भी है. यह साझेदारी प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में सौर विद्युत संयंत्रों की स्थापना के लिए की गई है. समझौते पर गौतम सोलर के निदेशक गौतम मोहनका और एचईपीएल रिन्यूएबल एनर्जी के निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी हर्षित श्रीवास्तव ने हस्ताक्षर किए. गौतम मोहनका ने कहा यह केवल एक व्यावसायिक साझेदारी नहीं, बल्कि भारत की ग्रामीण ऊर्जा कहानी का नया आरंभ है. हर्षित श्रीवास्तव ने कहा सौर ऊर्जा अब केवल शहरों तक सीमित नहीं रहेग. यह गाँवों, खेतों और किसानों के जीवन में उजाला लेकर आएगी।

## ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने तय की फैशन की अगली दिशा

इंदौर. ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर, जिसे भारत में फैशन की सबसे महत्वपूर्ण आवाज माना जाता है, 2025 में एक बार फिर लौट रहा है. इस बार भी यह टूर फैशन, क्रिएटिविटी और संस्कृति को एक साथ लाकर एक शानदार मंच तैयार करेगा. यह मंच द वन एंड ओनली की थीम पर आधारित होगा, जो आने वाले समय में फैशन की अगली दिशा तय करेगा. टूर की शुरुआत गुरुग्राम में 'द फ्यूचरवर्स ऑफ फैशन' से होगी, जिसमें डिज़ाइनर फाल्गुनी और शेन पीकॉक अपने कलेक्शन पेश करेंगे. इसके बाद टूर जयपुर पहुँचेगा, जहाँ 'हाई ऑक्टेन कूचर' थीम के तहत डिज़ाइनर अभिषेक पाटनी और नम्रता जोशीपुरा मोटरस्पोर्ट्स की स्पीड, पावर और प्रिसिजन को फैशन रनवे पर उतारेंगे. पर्नोड रिकर्ड इंडिया की सीएमओ डेबाश्री दासगुप्ता ने कहा ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर भारतीय फैशन का सबसे प्रतिष्ठित मंच रहा है. हमारी 'द वन एंड ओनली' सोच के साथ हम भारत के बेहतरीन डिज़ाइनरों और एफडीसीआई के सहयोग से फैशन और स्टाइल के विकास में नए मापदंड स्थापित करते आ रहे हैं.

## भविष्य निधि अधिनियम के प्रावधानों पर कार्यक्रम



इंदौर. इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) के इंदौर चैप्टर द्वारा भविष्य निधि अधिनियम एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम से सम्बंधित प्रावधानों पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें इन दोनों महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई. इस अवसर पर सीएस वरुण भौमिया ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होकर प्रतिभागियों को भविष्य निधि एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम से संबंधित विभिन्न कानूनी अनुपालन और उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की. उन्होंने पीएफ एवं ईएसआईसी के अंतर्गत आने वाले नवीनतम प्रावधानों, पंजीकरण प्रक्रिया, योगदान, लाभ और नियामकीय आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम में इंदौर चैप्टर के चेयरमैन सीएस अमित बारंगे, वेस्टर्न रीजन के वाइस चेयरमैन सीएस अनुराग गंगराड़े सहित अनेक कंपनी सेक्रेटरीज एवं प्रोफेशनल्स उपस्थित रहे. कार्यक्रम का उद्देश्य कॉर्पोरेट क्षेत्र एवं प्रोफेशनल्स को पीएफ और ईएसआईसी के अनुपालन एवं संबंधित सुविधाओं के प्रति जागरूक करना था.

## बंधन हेल्थकेयर फंड लॉन्च किया

इंदौर. बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन हेल्थकेयर फंड के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो हेल्थकेयर, फार्मा और एलाइड सर्विसेज में निवेश करती है. यह फंड भारत के सबसे तेज़ी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक, हेल्थकेयर, जिसमें अस्पताल और डायग्नोस्टिक्स, फार्मास्यूटिकल्स, बायोटेक्नोलॉजी, वेलनेस, हेल्थ-टेक आदि शामिल हैं, में अवसरों का लाभ उठाने का प्रयास करता है. न्यू फंड ऑफर 10 नवंबर को खुलेगा और सोमवार, 24 नवंबर को बंद होगा. विशाल कपूर, सीईओ, बंधन एएमसी ने नई ऑफर पर चर्चा करते हुए कहा कि हेल्थकेयर सिर्फ़ एक ज़रूरत नहीं है; यह हमारे समय के सबसे मजबूत और स्थायी ग्रोथ थीम्स में से एक है. बंधन हेल्थकेयर फंड निवेशकों को इस स्ट्रक्चरल परिवर्तन में भाग लेने का एक अनुशासित और विविधतापूर्ण तरीका प्रदान करता है, जो लॉन्गटर्म दृष्टिकोण से हेल्थकेयर वैल्यू चेन में अवसरों का लाभ उठाता है. निवेश रणनीति पर प्रकाश डालते हुए, विराज कुलकर्णी, फंड मैनेजर, बंधन हेल्थकेयर फंड ने कहा कि हेल्थकेयर सेक्टर काफी विशाल है और इसके भीतर कई ग्रोथ इंजन मौजूद हैं.

## ब्लड शुगर नियंत्रित रखने मदद करता है बादाम

इंदौर. वर्ल्ड डायबिटीज डे हर साल 14 नवंबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य डायबिटीज के बारे में जागरूकता बढ़ाना और सभी के लिए उपचार को सुलभ बनाना है. इस साल की थीम डायबिटीज इन द वर्कप्लेस है, जो कामकाजी लोगों के लिए मधुमेह को समझने और उसे सही तरीके से संभालने के महत्व पर ज़ोर देती है. भारत, जिसे डायबिटीज की राजधानी कहा जाता है, अब इस समस्या से गंभीर रूप से जूझ रहा है। इंडियन कौंसिल ऑफ़ मेडिकल रिसर्च के एक हालिया अध्ययन के मुताबिक देश में 101 मिलियन लोग डायबिटीज से ग्रस्त हैं और 136 मिलियन लोग प्री-डायबिटिक हैं. संतुलित आहार ब्लड शुगर के स्तर को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, और दिन की शुरुआत पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों के साथ करने से सकारात्मक प्रभाव पड़ता है. बादाम, जिनमें 15 आवश्यक पोषक तत्व मौजूद हैं, जैसे प्रोटीन, अनसैचुरेटेड फैट्स और आहार फाइबर ब्लड शुगर के स्वस्थ नियंत्रण में सहायक होते हैं. नई दिल्ली स्थित फोर्टिस सी-डॉक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर डायबिटीज, मेटाबॉलिक डिज़ीज़ेज़ एंड एंडोक्रिनोलॉजी के प्रोफेसर और चेयरमैन डॉ. अनूप मिश्रा के नेतृत्व में किए गए हालिया अध्ययन में पाया गया कि भोजन से पहले बादाम का सेवन प्री-डायबिटीज और मोटापे से ग्रस्त एशियाई भारतीयों में ब्लड शुगर नियंत्रण को उल्लेखनीय रूप से बेहतर बनाता है। अपनी पोषक समृद्धता और बहुपयोगी गुणों के कारण बादाम दैनिक भोजन और स्नैक्स में आसानी से शामिल किए जा सकते हैं, जो समग्र मेटाबॉलिक हेल्थ को समर्थन देते हैं.

# नवंबर में रिकॉर्ड 7 .6 डिग्री पर लुढ़का पारा, हवा में नमी से ठंडक

- सीवियर कोल्ड डे के करीब पहुंचा रात का तापमान



नव भारत न्यूज

**इंदौर. बारिश का दौर थमने के साथ ठंड से असर दिखाना शुरू कर दिया है. पिछले तीन दिन से शहर में रात का तापमान 8 डिग्री के आसपास है, लेकिन शुक्रवार रात 7.6 न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया. खास बात यह है प्रदेश पांच जिलों में 10 डिग्री के अंदर न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया है. प्रदेश का अधिकतम तापमान नर्मदापुरम में 31.2 दर्ज किया गया है.**

इंदौर में शुक्रवार रात का तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है. यह नवंबर के शुरुआत में रात का इतना कम तापमान दर्ज होना रिकॉर्ड तोड ठंड पड़ने का संकेत हैं. आने वाले कुछ दिनों में ठंड का असर दिन में भी महसूस किया जा सकता है. फिलहाल आज दिन का तापमान भी सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस कम है. आने वाले कुछ दिनों में ठंड का असर और बढ़ने के संभावना है. पिछले तीन दिनों में प्रदेश के पांच जिलों, जिसमें इंदौर, राजगढ़, भोपाल, सीहोर और रीवा में 10 डिग्री के अंदर तापमान दर्ज हुआ है. सबसे कम राजगढ़ में 7.4 न्यूनतम तापमान रहा है. वहीं प्रदेश में अधिकतम तापमान नर्मदापुरम का 31.2 दर्ज किया गया है और रात का तापमान ग्वालियर और धार में 27 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया है.

### शाम को करवट ले रहा मौसम

न्यूनतम तापमान के साथ पिछले तीन दिनों से शाम 5.30 के बाद मौसम एक दम करवट ले रहा है और शाम के समय ठंडी हवा शुरू हो जाती है, जो 7 से 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही है. आज रात का मौसम 7.5 के आसपास या इससे कम रहने की संभावना मौसम विभाग ने व्यक्त की है. 7.5 से ताड़ी लगातार तापमान गिरता है तो इंदौर सिवियर कोल्ड डे वाला शहर माना जाएगा.

# चॉकलेट फैक्ट्री पर कार्रवाई, किया सील

- फूड सेफ्टी प्रावधानों का नहीं किया जा रहा था पालन



नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज महू तहसील के गांव खराखेड़ा में प्रशासन ने एक चॉकलेट फैक्ट्री को सील करने की कारवाई की. चॉकलेट फैक्ट्री में आग से सुरक्षा के साधन और फूड सेफ्टी प्रावधानों का पालन करना नहीं पाया गया.**

कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर महू एसडीएम राकेश परमार एवं सिमरोल नायब तहसीलदार की संयुक्त टीम द्वारा खाराखेड़ा स्थित एक चॉकलेट फैक्ट्री पर कार्रवाई की. निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री में फायर सेफ्टी के आवश्यक प्रावधानों का पूरी तरह अभाव था. साथ ही फूड सेफ्टी मानकों तथा लेबर एक्ट में निर्धारित प्रावधानों का पालन भी नहीं किया जा रहा था. जांच में यह भी पाया गया कि फैक्ट्री परिसर में स्वच्छता व्यवस्था अत्यंत खराब स्थिति में थी, जो खाद्य सुरक्षा के दृष्टिकोण से गंभीर लापरवाही है. इन सभी गंभीर अनियमितताओं को देखते हुए प्रशासन द्वारा फैक्ट्री को सील करने की कार्रवाई की गई.



## महिंद्रा एंड महिंद्रा के नये शोरूम आहूजा ऑटो अभिकरण का शुभारंभ

महिंद्रा एंड महिंद्रा ने इंदौर में स्कीम नं 140 स्थिति सतगुरु प्राइम पर स्थित आहूजा ऑटो अभिकरण का उद्घाटन किया. इस अवसर पर महिन्द्रा एंड महिन्द्रा के वाइस प्रेसिडेंट नेशनल सेल्स हेड बेणेश्वर बनर्जी, महापौर पुष्पमित्र भार्गव, रीजनल मैनेजर मोहमद तबरेज, एरियर मैनेजर संभव, आहुजा आटो अभिकरण के मैनेजिंग डायरेक्टर पवनीत आहुजा उपस्थित रहे.

इस अवसर पर श्री बनर्जी ने महिंद्र एंड महिंद्र लिमिटेड के सभी उपलब्ध मॉडल तथा आने वाले नए मॉडल और कम्पनी के भविष्य में होने वाली विस्तार की जानकारी प्रदान की. नये डीलरशिप पर उपलब्ध सर्विस के बार में विस्तार बतलाया. आहुजा आटो अभिकरण के मैनेजिंग डायरेक्टर पवनीत आहूजा ने कहा कि नवीन शोरूम पर ग्राहकों को महिन्द्रा एंड महिन्द्रा के सभी मॉडल उपलब्ध हैं. शोरूम पर ग्राहकों को एक स्थान पर बहुत सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं जैसे वहां अपनी पुरानी कार को एक्सचेंज करवा सकते हैं, एक ही स्थान पर देश कि सभी प्रमुख फायनेंसर द्वारा आसान फाइनेंस सुविधा उपलब्धि है, ग्राहक अपनी मनपसंद एसयूवी में अपनी पसंद की ऐसेसरीज लगावा सकते हैं. महिंद्रा अपने ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव और उत्कृष्ट आफ्टर सेल्स सपोर्ट प्रदान करता है. इंदौर. हमारे आकर्षक शोरूम में प्रीमियम कस्टमर लाउंज, बच्चों के खेलने की जगह, एक्सेसरीज़ काउंटर, बेहतरीन वाहनों की डिस्प्ले और ग्राहक केंद्रित कार्यकारी आपको एक विशेष अनुभव प्रदान करते हैं.

# निरंतर प्रयास ही सफलता का मंत्र: सिलावट

- रोबोट 'आर्या' बनी आकर्षण, बांटे गोल्ड मेडल
- ओरिएंटल यूनिवर्सिटी का सातवां दीक्षांत समारोह



**इंदौर. ओरिएंटल यूनिवर्सिटी का सातवाँ दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय परिसर स्थित देवी शकुंतला ठकराल ऑडिटोरियम में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया. इस अवसर पर डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डॉक्टोरल (पीएचडी) कार्यक्रमों के विद्यार्थियों को कुल 1,360 उपाधियाँ प्रदान की गईं.**

समारोह की विशिष्ट और आकर्षक झलक रही मानवाकृति रोबोट 'आर्या' द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान करना. ओरिएंटल यूनिवर्सिटी द्वारा विकसित यह रोबोट, तकनीकी प्रगति और नवाचार का प्रतीक बन गया. रोबोट 'आर्या' ने मंच पर विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक वितरित किए, समारोह के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट थे. उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल डिग्री प्रदान करने का अवसर नहीं, बल्कि यह जिम्मेदारी के नए अध्याय की शुरुआत है. शिक्षा का असली उद्देश्य केवल रोजगार पाना नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है. विद्यार्थी जीवन में असफलता से डरें नहीं, क्योंकि असफलता वही शिक्षक है जो सफलता का मार्ग दिखाती है. निरंतर प्रयास ही सफलता का मंत्र है. समारोह के दौरान रोबोट आर्या के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 41 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया. उप-कुलाधिपति गौरव ठकराल ने आभार माना. उप-कुलाधिपति डॉ. ध्रुव घई ने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया. कार्यक्रम में मुख्य प्रबंध निदेशक डॉ. गरिमा घई, कुलसचिव डॉ. प्रद्युम्न यादव, विधि संकाय निदेशक सोनिया ठकराल, डॉ. सुधा वेंगुर्लेकर (संयोजक) विश्वविद्यालय के सभी डीन, संकाय सदस्य, विद्यार्थी एवं अभिभावकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

**डिग्री को कर्तव्य की पहचान बनाएं**-विशिष्ट अतिथि सांसद शंकर लालवानी, ने कहा कि युवा वर्ग में अपार संभावनाएँ हैं. यदि यह ऊर्जा सही दिशा में प्रयुक्त हो, तो भारत ज्ञान, नवाचार और मानवता का वैश्विक केंद्र बन सकता है. अपनी डिग्री को केवल प्रमाणपत्र न समझें, बल्कि इसे अपने कर्तव्य और योगदान की पहचान बनाएं. अन्य विशिष्ट अतिथियों में हेड एवं इन्फोबीन्स फाउंडेशन के अकाडेमिक्स डायरेक्टर कैप्टन बीजे. सिंह, इम्पिटस टेक्नोलॉजीज सीनियर वाइस प्रेसिडेंट संजीव अग्रवाल और संस्थापक अध्यक्ष ज्वाला महिला समिति डॉ. दिव्या गुप्ता शामिल रहे.

### सत्य, दया, साहस को आदर्श बनाएं

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रवीण ठकराल, कुलाधिपति, ओरिएंटल यूनिवर्सिटी एवं चेयरमैन, ओरिएंटल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स ने की. उन्होंने कहा यह विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को केवल करियर के लिए नहीं, बल्कि जीवन के उद्देश्य के लिए तैयार करता है. हमेशा सत्य, दया और साहस को अपने जीवन का आदर्श बनाएं. कुलगुरू प्रो. (डॉ.) अमोल गोरे ने विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की. उन्होंने कहा ओरिएंटल यूनिवर्सिटी में हम विद्यार्थियों को केवल 'जॉब सीकर्स' नहीं, बल्कि 'जॉब क्रिएटर्स' बनाने का लक्ष्य रखते हैं.

# मेट्रो स्टेशन के विरोध में बैठे व्यापारी




नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज मेट्रो स्टेशन के विरोध में मल्हारगंज के व्यापारियों ने धरना दिया. धरना देने का मुख्य कारण मंत्री की घोषणा के बावजूद मेट्रो अधिकारियों द्वारा काम किया जा रहा है. खास बात यह है कि मेट्रो स्टेशन के कारण क्षेत्र के 42 मकान प्रभावित हो रहे है.**

आज सुबह मल्हारगंज छोटा गणपति क्षेत्र के व्यापारियों ने मेट्रो स्टेशन बनाए जाने के विरोध में धरना प्रदर्शन किया. व्यापारियों का कहना था कि नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय घोषणा कर चुके है कि मेट्रो स्टेशन नहीं बनेगा. इसके बावजूद मेट्रो के अधिकारी तानाशाही पूर्वक यहां काम शुरू कर चुके है. धरने का नेतृत्व कर रहे व्यापारी एसोसिएशन के शेखर गिरी ने बताया कि मंत्री की घोषणा का पालन नही किया जा रहा है. मंत्री ने सुभाष मार्ग पर पुलिस लाइन के पास जगह होने के और वहां स्टेशन बनाने में कोई समस्या नहीं है. इसका सर्वे, सीमांकन और अन्य संभावना की पूरी जानकारी शासन स्तर पर हो चुकी है. इसके बावजूद मेट्रो रेल विभाग यहां स्टेशन बनाने पर आमादा है. धरने में क्षेत्र के पूर्व विधायक और कवि सत्यनारायण सत्तन, प्रभावित व्यापारी एवं मकान मालिक शामिल थे.



## दिगंबर जैन सोशल ग्रुप विद्यासागर की धार्मिक यात्रा

इंदौर. दिगंबर जैन सोशल ग्रुप विद्यासागर, इंदौर के 21 सदस्य इंदौर जबलपुर एक्सप्रेस से जबलपुर के लिए रवाना हुए. वे वहां जैन तीर्थ पीसन हाडी जी की मडियापर पहुंचकर अभिषेक- शांति धारा करेंगे तत्पश्चात वहां से 30 किलोमीटर दूर स्थित बरगी में आचार्य समय सागर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में चल रहे पंचकल्याणक में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेंगे और आचार्य श्री समय सागर महाराज को इंदौर पधारने के लिए श्रीफल भेंट करेंगे. पंचकल्याणक के प्रतिष्ठाचार्य हैं, वाणी भूषण बाल ब्रह्मचारी विनय भैया. विद्यासागर सोशल ग्रुप के अध्यक्ष श्री सतीश जैन ने बताया कि इस यात्रा के संघपति होंगे मुनि निर्लेप सागर महाराज के ग्रहस्थ जीवन के पिता अनिल रावत एवं माता मीना रावत. यात्रा के संयोजक हैं, ग्रुप के सचिव संतोष जैन (एमपीईबी) एवं कोषाध्यक्ष आर के जैन (बीएसएनल). बरगी से लौटते समय जबलपुर के प्रसिद्ध मंदिरों के दर्शन करेंगे.

एक नजर में

इंडिया फायर एंड सिक्योरिटी यात्रा कार्यक्रम आयोजित

## सभी भवनों को एनबीसी के मानकों का पालन करना अनिवार्य



इंदौर. तेजी से विस्तार कर रहे हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में बढ़ती सुरक्षा चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, फायर एंड सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ इंडिया, इंदौर चैप्टर द्वारा सेफ्टी एंड सिक्योरिटी इन द हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री थीम पर इंडिया फायर एंड सिक्योरिटी यात्रा 2025 का आयोजन किया गया. इस आयोजन में 200 से अधिक विशेषज्ञों- आर्किटेक्ट्स, कंसल्टेंट्स, कॉन्ट्रैक्टर्स, होटल फैसिलिटी मैनेजर्स और सरकारी अधिकारियों ने भाग लिया. कार्यक्रम का उद्देश्य हॉस्पिटैलिटी प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों, अनुपालन प्रक्रियाओं और एकीकृत सुरक्षा प्रणालियों के कार्यान्वयन को सुदृढ़ करना था.

मुख्य अतिथि नगर निगम के अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया कहा कि सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी भवनों को एनबीसी 2016 के मानकों का पालन करना अनिवार्य है. ये मानक न्यूनतम आवश्यकताएँ हैं, और फायर कंसल्टेंट्स को भवन की वास्तविक फायर लोड के आधार पर सिस्टम डिजाइन करने चाहिए. फायर एंड सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ इंडिया के नेशनल प्रेसिडेंट, श्रीनिवास वेल्लोरि ने कहा फायर एंड सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ इंडिया, इंडिया फायर एंड सिक्योरिटी यात्रा के माध्यम से डिजाइन, इंजीनियरिंग और ऑपरेशन्स को जिम्मेदारी की संस्कृति से जोड़ने का सेतु बना रहा है. इस मंच पर प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट्स, कॉन्ट्रैक्टर्स और विशेषज्ञों ने फायर सेफ्टी स्टैंडर्ड्स और अनुपालन पर विस्तार से चर्चा की. सेमिनार में एकीकृत गवर्नेंस के महत्व पर भी बल दिया गया.

### नियमित फायर सेफ्टि ऑडिट करें

फायर एंड सिक्योरिटी एसोसिएशन ऑफ इंडिया इंदौर चैप्टर के अध्यक्ष मयंका दादू ने जीवन और संपत्ति की सुरक्षा के लिए होटलों एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में नियमित फायर सेफ्टी ऑडिट की आवश्यकता पर जोर दिया. एक पैनल डिस्कशन सेफ्टी एंड सिक्योरिटी इन द हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री विषय पर आयोजित किया गया, जिसका संचालन पंकज धारकर ने किया. कार्यक्रम का आयोजन इंदौर चैप्टर की कोर वर्किंग कमेटी प्रभात पवेचा, सिद्धार्थ राव, रितेश मुंशी और सत्याम सिसोदिया द्वारा पंकज तिवारी और लोकेश दादू के मार्गदर्शन में किया गया.

